राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022


## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–85/2025*

# राज्यपाल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को शुभकामनाएँ दी

**पटना 04 सितम्बर, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार एवं देश के सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति तथा महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, राजनेता एवं शिक्षक स्व० डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती के उपलक्ष्य में 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों में सुसंस्कारों की नींव रखकर तथा उन्हें एक श्रेष्ठ नागरिक बनाकर राष्ट्र के निर्माण में माता–पिता के अलावा शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

उन्होंने शिक्षकों से अपील किया है कि वे बच्चों को प्रबुद्ध समाज का हिस्सा बनाने के लिए उच्च नैतिक मूल्यों, प्रगति मूलक दृष्टिकोण और मुक्त व उत्कृष्ट सोच के लिए प्रयास करें तथा राष्ट्रीय एकता एवं विश्वमैत्री जैसी उत्तम भावनाओं का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया है कि वे अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनायें।

............................................